an>

Title: Need to construct embankment along the course of river Yamuna in Haryana to prevent annual floods occurring in the region, particularly in Kurukshetra Parliamentary Constituency.

श्री राजकुमार सैनी (कुरुक्षेत्र) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र कुरूक्षेत्र के हल्का रादौर, जिला- यमुनानगर के सामने यमुना नदी के किनारे बाढ़ बचाव पटरी बनाई जाना अति अनिवार्य है। बारिश के दिनों में सारा पानी हरियाणा साइड में घुस जाता है जिससे यातायात में तो बाधा उत्पन्न होती ही है, साथ ही सड़कें भी टूट-फूट जाती हैं और भूमि कटान के कारण किसानों की हज़ारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है, इस कारण किसानों की स्थिति बद से भी बदतर होती जा रही है। इसके कारण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को हर वर्ष इस नदी के कोप का भाजन बनना पड़ता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस समस्या के समाधान के लिए बारिश के मौसम से पहले बाढ़ बचाव पटरी बनाई जाए ताकि लोगों व आम जनता को और अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े।